हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 25 अप्रैल 2025

11 बेतरीन कार्य करने वाली ग्राम पंचायतों को किया...



12 आए दिन हो रही आतंकी वारदात पर लगे स्थाई लगाम, पाक...



## खबर संक्षेप

### रसूलपुर में डाकिये की बाइक चोरी

**कनीना।** गांव रसूलपुर निवासी डाक विभाग के कर्मचारी की बाइक चोरी हो गई। इस बारे में हैप्पी ने सदर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि कार्य करने के बाद उन्होंने अपनी बाइक घर के बाहर खड़ी की थी। सुबह उठकर देखा तो वहां से बाइक गायब थी। खोजबीन भी की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा।

### रविदास महासभा की बैठक कल

**नारनौल।** गुरु रावदास महासभा की आम बैठक 26 अप्रैल को सुबह 10 बजे गुरु रविदास आश्रम दीदासर में होगी। जिसकी अध्यक्षता बलबीर सिंह बबेरवल करेंगे। सभा के महासचिव रमेश चंद बैठक का संचालन करेंगे।

### मारपीट करने वाले दो और आरोपी गिरफ्तार

**नारनौल।** नांगल चौधरी दोस्तपुर में आपसी रंजिश के चलते बदला लेने की नियत से योजना बनाकर घर में घुसकर मारपीट करने के मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दो और आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपितों की पहचान दोस्तपुर निवासी साहिल व विशाल के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपितों को देवनारायण चौक से गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपितों से एक एक डंडे बरामद किए हैं। आरोपितों को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इस मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपित रोहित वासी नारेड़ा खुर्द बहरोड़ राजस्थान हाल आबाद दोस्तपुर नांगल चौधरी को पनियाला मोड़ से गिरफ्तार किया था।

## लघु सचिवालय को जल्द ही आमजन के सुपुर्द करने का दिया आश्वासन

# नवनिर्मित लघु सचिवालय व एसडीजेएम न्यायालय भवन का किया निरीक्षण



**कनीना।** नवनिर्मित लघु सचिवालय भवन का निरीक्षण करते डीसी विवेक भारती। फोटो : हरिभूमि



**कनीना।** पंचायत समिति की दुकानों का निरीक्षण करते डीसी व एसडीएम । फोटो : हरिभूमि

माना जा रहा है कि पंचायत समिति की 154 दुकानें संचालित हैं, जिनका मामला उच्च न्यायालय चंडीगढ़ में विचाराधीन है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कनीना

उपायुक्त डा. विवेक भारती ने वीरवार दोपहर निर्माणाधीन लघु सचिवालय का निरीक्षण कर ठेकेदार से कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। कई बार समय बढ़ने के बाद भी कार्य अभी तक पूरा नहीं होने पर उन्होंने लोकनिर्माण विभाग के अधिकारियों को दिशानिर्देश दिए। साथ ही एसडीजेएम कोर्ट भवन के लिए बुनियाद खुदाई का कार्य शुरू होने के बाद स्थानाभाव के कारण कार्यालय कर्मियों, अधिवक्ताओं व आमजन की परेशानी बढ़ने लगी है। वाहनों की पार्किंग के लिए कोई जगह नहीं बचने के कारण ईधर उधर वाहन खड़े किए जा रहे हैं।

उन्होंने न्यायिक परिसर भवन व पंचायत समिति की भूमि पर बनी दुकानों का भी बारिकी से अवलोकन किया। माना जा रहा है कि पंचायत समिति की 154 दुकानें संचालित हैं, जिनका मामला उच्च न्यायालय चंडीगढ़ में विचाराधीन है। इन दुकानों की भूमि को बीते समय पंचायत समिति की ओर से रेवेन्यू विभाग को दिया जा चुका है।

लघु सचिवालय भवन, उप मंडल स्तरीय न्यायालय भवन के निर्माण के चलते उच्च न्यायालय ने दुकानें हटाने या रखने के संबंध में सक्षम अधिकारी के विवेक पर फैसला छोड़ा था। दुकानों के रहने से परेशानी होती है, तो इनको हटाया जाए या यथावत रखा जाए। जिसे लेकर उपायुक्त डा. विवेक भारती, एसडीएम डा. जितेंद्र सिंह अहलावत, तहसीलदार संजीव नागर, कानूनगो उमेद सिंह जाखड़, पटवारी अनूप सुहाग के अलावा लोकनिर्माण विभाग के अधिकारियों ने मौका मुआयना किया।

### फर्नीचर व फायर सेफ्टी की फिटिंग का कार्य अंतिम चरण में

*डीसी ने कहा कि लघु सचिवालय भवन जल्द ही आमजन सुपुर्द होगा। इसके लिए फर्नीचर व फायर सेफ्टी की फिटिंग का कार्य अंतिम चरण में है। जिसके लिए लोकनिर्माण विभाग के अधिकारियों को शीघ्रता से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि लघु सचिवालय भवन संचालित होने के बाद जनता को उपमंडल स्तर की सभी सुविधाएं एक छत के नीचे मिलने लगेंगी। इसके बाद कनीना में बनने वाले न्यायिक भवन के निर्माण कार्य में भी तेजी आएगी। उन्होंने कहा कि अधिकारियों के आवास भी कनीना में बनाए जाएंगे। जिसके लिए जगह का भी निरीक्षण किया गया। डीसी ने अधिकारियों से कहा कि सरकार की से चलाई जा रही विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजन को मिले, इस दिशा में काम करें। इस मौके पर जिला राजस्व अधिकारी राकेश कुमार, लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता अश्वनी कुमार, कानूनगो राजेश कुमार आदि मौजूद थे।*


### दुकानदारों को जारी किए थे नोटिस

*इधर, इन दुकानों को हटाने के लिए 2019 के बाद पंचायत समिति के कार्यकारी अधिकारी की ओर से दुकानदारों को नोटिस जारी किए गए थे। जिनके दृष्टिगत पंचायत समिति की 154 दुकानों को बनाए रखने के लिए दुकानदारों की ओर से विभिन्न अदालतों में वाद दायर किए हुए हैं। इस बारे में उच्च न्यायालय की ओर से वर्ष 2024 में एक फैसला सुनाते हुए सक्षम अधिकारी की ओर से दुकानें रखने तोड़ने को लेकर निर्णय लेने के बारे में कहा गया था। इस फैसले के बारे में पंचायत समिति की ओर से हाल ही में बैठक आयोजित कर जानकारी पंचायत समिति सदस्यों को दी गई थी।*

## मीटर बॉक्सों के खुले ढक्कन, तारों का फैला जाल

# बिजली निगम की लापरवाही कभी भी पड़ सकती है भारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़



**महेंद्रगढ़।** शहर में खुला पड़ा मीटर बॉक्स।

शहर में जमीन के सहारे लगे पीलर मीटर बॉक्स एवं बिजली के फ्यूज तथा घरों की छतों, रेलिंगों के सहारे से गुजर रही बिजली की तारें कभी भी बड़े हादसे का कारण बन सकती हैं। शहर के गोशाला रोड पर तारों के लटकते जाल के कारण अनेक बार वाहनों में करंट आ चुका है। हालांकि यहां पर प्लास्टिक केबल तो लगाई गई हैं लेकिन मुख्य सड़क मार्ग के सहारे गुजर रही ढीली तारें हादसों को निमंत्रण दे रही हैं। शहर के गोशाला रोड पर आए दिन वाहन तारों में फंसकर केबल टूट रही है। गनीमत यह है कि रबड़ कोटेड केवल होने के कारण हादसे नहीं हो रहे हैं, लेकिन जब केबल टूटती है तो सिल्वर की तारें भी वाहनों को छू जाती हैं। प्रतिदिन यहां से सैंकड़ों कीसंख्या में स्कूली वाहन गुजरते हैं।

जमीन के सहारे रखे खुले पड़े मीटर बॉक्सों के चारों बिजली की तारे फैली हुई है। शहर के गोशाला रोड पर तीन स्थानों पर जमीन पर रखे मीटर बॉक्सों के खुले ढक्कनों से अनेक बार चिंगारियां निकलकर फाल्ट हो चुके हैं। साथ ही बेसहारा पशुओं के लिए खतरा बना हुआ हैं। कही बिजली के करंट के चपेट में न आ जाए। ढीली तारों के कारण आए दिन वाहनों में फंसकर यह केबल टूटने से बिजली आपूर्ति भी बाधित हो रही है। कृष्णा कॉलोनी, सिनेमा रोड, मसानी चौक, चौक मोहल्ला, दर्जीयान गली, परशुराम चौक, शिव मंदिर के सामने, दीवान कॉलोनी, ब्रह्मचारी रोड सहित शहर के बाहरी क्षेत्र में आने वाली कॉलोनी एवं मोहल्लों में तारों का जाल फैला हुआ है। हालांकि प्रदेश सरकार की ओर से आबादी के क्षेत्र की सभी एचटी व एलटी लाइनों पर रबड़ कोटेड केबल लगाने के आदेश दिए जा चुके हैं।

### ढीले तारों को करेंगे टाइट

*शहर में ढीले तारों को कुछ स्थानों पर तो ठीक करा दिया गया है। जल्द ही अभियान चलाकर कुछ स्थानों पर जो तार ढीली हैं उन्हें भी पर्याप्त ऊंचाई तक किया जाएगा। हालांकि अभी तक कोई भी लिखित शिकायत उन्हें नहीं मिली है।*

*–शुभम, एसडीओ, डीएचबीवीएन, महेंद्रगढ़*

### जमीन से महज दो-तीन फुट ऊपर है बिजली की तार

*शहर की कृष्णा कालोनी, मसानी चौक, डुलाना रोड, पंजाबी मोहल्ला, सब्जी मंडी के आसपास अनेक बिजली के पोलों पर तो जमीन से महज दो-तीन फुट ऊंचाई पर फ्यूज लगा दिए गए हैं। आसपास के घरों के बार खेलते बच्चे भी सुरक्षित नहीं हैं। विशेषकर बारिश के मौसम में लोगों के लिए यह परेशानी ओर अधिक बढ़ जाती है। शहर में एक हजार से अधिक गोवंश सड़कों पर घूम रहा है, ऐसे में यह भी हादसों के शिकार हो रहे हैं।*

# सफाई कर्मचारियों ने एप पर हाजिरी लगाने का किया विरोध, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर नगर पालिका कर्मचारी संघ इकाई ने झाड़ू प्रदर्शन किया। जिसका नेतृत्व इकाई प्रधान सुरेश कुमार जेदिया ने किया। इससे पूर्व नगर परिषद में बैठक का भी आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों की संख्या में सफाई कर्मचारियों ने भाग लिया। बैठक में सरकार की ओर से सफाई कर्मचारियों की एप पर हाजिरी लगाने व अन्य मांगों को लेकर कर्मचारियों ने विरोध जताया।

नगर पालिका सफाई कर्मचारी संघ हरियाणा से संबंधित नारनौल नगर परिषद के कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर शहर में झाड़ू प्रदर्शन किया। जिसमें इकाई सचिव महावीर प्रसाद, जिला प्रधान राहुल सारवान व सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य सचिव व जिला प्रधान कौशल कुमार सहित अनेक कर्मचारी मौजूद रहे। सफाई कर्मचारी नगर परिषद में एकत्र हुए व शहर में प्रदर्शन करते हुए वापस नगर परिषद पहुंचे। नगर पालिका कर्मचारी संघ जिला प्रधान राहुल सारवान ने बताया कि सात अगस्त 2024 को सरकार व कर्मचारी संघ के बीच बातचीत हुई थी। जिसमें अहम मांगों पर सहमति बनी थी। इन्हीं मांगों में नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा ने सफाई कर्मचारियों की हाजिरी एसएमडब्ल्यू एप पर नहीं लगाने की सहमति भी शामिल थी। इसके बावजूद भी सरकार एसएमण्डब्ल्यू एप पर लागू कर रही है तथा कर्मचारियों को इस पर हाजिरी लगाने के लिए कहा जा रहा है। जिसके विरोध में यह प्रदर्शन किया गया।





**नारनौल।** ज्ञापन सौंपते सफाई कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### डीएमसी के पीए को सौंपा ज्ञापन

कर्मचारियों ने इसके विरोध में नगर परिषद में सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। जिसके बाद अपनी मांगों को लेकर एक ज्ञापन डीएमसी की गैर मौजूदगी में उनके पीए को सौंपा। जिसमें कर्मचारियों ने अन्य मांगों का भी जिक्र किया। जिसमें 2017 से बकाया एरियर देने, कर्मचारियों को तीन साल से बकाया जूते, तेल व साबुन देने सहित अन्य मांगें शामिल थी।



**महेंद्रगढ़।** नागरिक अस्पताल में कागजी कार्रवाई करती पुलिस। फोटो : हरिभूमि

# अस्पताल में व्यक्ति की मौत, डॉक्टरों पर लापरवाही बरतने का आरोप

- परिजनों ने पुलिस को दी शिकायत अस्पताल ने आरोप नकारे

**महेंद्रगढ़।** गांव बुचावास निवासी एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने अस्पताल के चिकित्सक पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। इस दौरान परिजनों ने सिटी पुलिस थाने में शिकायत देकर चिकित्सक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की हैं। पुलिस ने शिकायत मिलने के बाद आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। इसके अलावा पुलिस ने मृतक का नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया है। गांव बुचावास निवासी ललित कुमार ने सिटी पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसके पिता विक्रम सिंह को इलाज के लिए महेंद्रगढ़ शहर के एक निजी अस्पताल में 24 अप्रैल की रात को लाया गया था।

इलाज के दौरान चिकित्सक और अस्पताल की लापरवाही से उसके पिता की मौत हो गई है। पूरे पैसे जमा करवाने के बाद दूसरे अस्पताल रेफर करने के लिए दो घंटे बहुत कीमती समय भेजने में खराब कर दिए। बात करने पर चिकित्सक व स्टाफ का व्यवहार मानवता पूर्ण नहीं था। अब हम डॉक्टर में अस्पताल पर उचित कार्रवाई की मांग करते हैं। उन्होंने पुलिस से मांग की है कि चिकित्सक व अस्पताल पर उचित कार्रवाई की जाए। वहीं अस्पताल के डॉक्टर मंजीत ने कहा कि उन्होंने मरीज को उचित उपचार दिया था। उनके कार्य में कोई लापरवाही नहीं बरती गई है। मरीज को हायर सेंटर रेफर किया गया था। रास्ते में उनकी मौत हो गई।

# महेंद्रगढ़ अस्पताल में लंबे समय से नहीं हड्डी रोग विशेषज्ञ, परेशानी

- समस्याओं को लेकर डीसी को सौंपा लिखित ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

समाधान शिविर में क्षेत्र सामाजिक संगठनों ने मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री आरती राव के नाम नागरिक अस्पताल में चिकित्सकों के खाली पड़े पदों व अन्य समस्याओं को लेकर एक लिखित ज्ञापन डीसी को सौंपा हैं।

सामाजिक कार्यकर्ता रामनिवास पाटोदा ने बताया कि शहर के नागरिक अस्पताल में चिकित्सकों के कई पद वर्षों से रिक्त पड़े है, जबकि स्वास्थ्य मंत्री हमारे जिले की होने के बाद रिक्त पदों का होना दुखदाई है। इस समय महेंद्रगढ़ के नागरिक अस्पताल में हड्डी रोग विशेषज्ञ के दो चिकित्सक थे।

डॉ. अजय अग्रवाल को लगभग आठ माह के लिए बाहर ट्रेनिंग के लिए भेजा गया है, जबकि डॉ. अमित शर्मा का नारनौल डेपूटेशन कर दिया गया है। महिला सर्जन के ना होने का डिलीवरी का काम बंद हो गया है। ईएनटी चिकित्सक भी नहीं है। एक्सरा मशीन भी खराब रहती है। दो दिन पहले लैब की मशीन भी खराब हो गई थी। लोगों को मजबूरन अपना चैकअप करवाने के लिए निजी अस्पतालों का सहारा लेना पड़ रहा है। जबकि शहर व 150 गांवों के बीच यह अस्पताल बडा अस्पताल है।

सैकड़ों की संख्या में प्रतिदिन मरीज नागरिक अस्पताल में अपना उपचार के लिए आते है, लेकिन चिकित्सकों के ना होने के कारण निराश होकर वापिस लौट जाते है तथा भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। महेंद्रगढ़ अस्पताल मे जो नए भवन का कार्य चल रहा है। वह भी बजट के अभाव मे कछुआ चाल से चल रहा है। जबकि इस अस्पताल के नये भवन की समय अवधि भी पूरी हो चुकी हैं। उसके बाद भी नया भवन पूरा नहीं बन पाया है। जनहित की परेशानियों को देखते हुए इस अस्पताल में चिकित्सकों की कमी को पूरा करवाया जाएं और नये अस्पताल का जल्द ही उद्घाटन किया जाएं। इस मौके पर सतबीर, कृष्ण, पोहप सिंह, सुधीर, अमित, राजपाल, बलदेव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



**महेंद्रगढ़।** डीसी को ज्ञापन सौंपते हुए। फोटो : हरिभूमि

# पूर्व डीजीपी के साथ 4 लाख की साइबर ठगी, केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

उड़िसा से रिटायर्ड डीजीपी दृगपाल सिंह चौहान के साइबर ठगी का मामला उजागर हुआ है। इस बारे में पूर्व डीजीपी ने पुलिस में शिकायत दी है। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इससे पूर्व भी रिटायर डीजीपी के घर से तीन लाख रुपये की चोरी के अलावा 14 लाख रुपये की लूट भी हो चुकी है।

रिटायर्ड डीजीपी दृगपाल सिंह चौहान ने बताया कि वह कांटी गांव का रहने वाला है। जब वह अपने घर में मौजूद था, तब उसके मोबाइल पर व्हाट्सअप कॉल आई। फोन पर उसने कहा कि अंकल आपने मुझे पहचाना क्या, वह आपका जानकार बोल रहा है। उसने कहा कि वह सतपाल है तथा कनाडा से बोल रहा है। इस पर उन्होंने सोचा कि शायद रेवाड़ी वाला सतपाल होगा, जो उनकी रिश्तेदारी में है तथा विदेश में रहता है। इस पर उन्होंने कहा कि वह पहचान गया। इसके बाद उसकी फिर कई बार कॉल की तथा कहा कि वह पांच मई को इंडिया आएगा। उसके पास 16 लाख रुपये हैं, क्या वह आपके खाते में वह पैसे डलवा दे। जानकार हाने के नाते उसने भरोसा कर उसको उसके एक्सिस बैंक की डिटेल दे दी। इस पर उसने उसको व्हाट्सअप पर 16 लाख रुपये ट्रांसफर किए जाने की रसीद दिखा दी, जिसमें उसका खाता नंबर दर्शाया हुआ दिखा। इसके बाद एक्सिस बैंक हैड क्वार्टर मुंबई का नाम लेकर किसी ने फोन किया कि आपके पास विदेश से पैसा आया है, जो 24 घंटे बाद आपके खाते में आएगा, जिसके बाद पैसे निकाल लेना। इस पर उसे भरोसा हो गया कि पैसे आए हैं। कुछ देर बाद फिर व्हाट्सअप पर फोन आया कि वह सतपाल बोल रहा है।

## गायों के भरपेट भोजन की व्यवस्था के लिए गोपालक चल रहे हजारों मील पैदल

# एक रोटी खिला फोटो खिंचवाने वाले और गोचालक के जीवन का अंतर

- हरिभूमि ने उनके जीवन से जुड़े कई पहलु को समझा, दिनभर की गतिविधि व परिवार को छोड़ इस राह पर चलने वाले गोपालकों से विशेष बातचीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल



**नारनौल।** गायों को साथ गोचालक जमानाराम। फोटो : हरिभूमि

वो छोटे छोटे कदमों से धरती का सीना मापकर बौना कर देते हैं। जिला की सीमा से सटे राजस्थान के दूर दराज के जिलों से चलने आपने वाले ये 'गोचालक' अथवा 'गवां' हमें अक्सर सड़कों के बीचों बीच जब गायों को हांकते मिल जाते हैं तो हमारा तनाव भरा चेहरा इन्हें कोसता हुआ नजर आता है। हम एक पल के लिए भी उनके दुख, तकलीफ, संघर्ष और रोजी-रोटी के लिए उनके प्रयासों के विषय में नहीं सोचते। आधुनिक सुविधाओं से परिपूर्ण इस जीवन में हर व्यक्ति सुख और आराम की जिंदगी जीना चाहता है किंतु जब जंगलों में, अभावों में, पशुओं के बीच सीमित संसाधनों में जिंदगी बसर की जाती है तो विकास और सुविधाएं बेमानी हो जाते हैं।

राजस्थान से सिर्फ और सिर्फ अपनी गायों के लिए भरपेट भोजन की व्यवस्था करने के लिए हजारों मील पैदल चलने वाले और अपने घर परिवार को छोड़कर खानाबदोश जीवन जीने वाले इन को 'गोपालकों' से बड़ा गो सेवक कौन हो सकता है? एक समय गोशाला में गायों को रोटी खिलाकर फोटो बनाने वाले और अपने आप को गौ सेवक कहलाने वाले लोगों को एक बार उनके जीवन में जाकर जरूर देखना चाहिए।जिला के गांव अकबरपुर में बाबा गोविंद दास मंदिर के साथ अपना डेरा लगाए जमाना राम बताते हैं कि मूल रूप से वह राजस्थान के बाड़मेर के नजदीक बालोतरा जिला के रहने वाले हैं।

करीब 55 वर्षीय जमानाराम बताते हैं कि 600 गायों के झुंड और सात-आठ परिवारों के साथ वह पिछले कई दशकों से गायों को लेकर यात्रा पर ही हैं। चारे की खोज में एक जिले से दूसरे जिले और एक राज्य से दूसरे राज्य में भटकते-भटकते उनका जीवन ही खानाबदोश हो रहा है। झुंड की करीब 600 गायों और लगभग 15 सदस्यों के साथ वह पदयात्रा करते हैं। उनके साथ जगमाल, भोलाराम, नैनाराम और अनेक ऐसे ही राजस्थानी रैबारी परिवारों के लोग शामिल हैं जो अपनी-अपनी गायों को लेकर हरियाली की खोज में निकले हैं।

पारंपरिक स्थल पर जब चारे की कमी हो जाती है तो यह लोग अपने पशुओं को लेकर एकांत यात्रा पर निकल पड़ते हैं। बेहद सूखे क्षेत्र बालोतरा से आने वाले नैनाराम व जगमाल बताते हैं कि वह लोग 24 घंटे ही गायों के साथ रहते हैं।

### कई वर्ष बीत गए, नहीं गए घर

*चरवाहे भोलाराम बताते हैं कि कई बार तो वर्षों बीत जाते हैं उन्हें घर गए हुए। पूरा टोला यात्रा पर रहता है। इस झुंड में उनके साथ महिलाएं और बच्चे भी शामिल होते हैं। घर पर खेती अधिक न होने तथा पानी की कमी के कारण खेतों में पैदावार कम होने की वजह से मजबूर होकर यह लोग यह खानाबदोशी जीवन चुनते हैं। इसका खामियाजा उनकी आने वाली पीढ़ियों को भी भुगतना पड़ता है। बार-बार खानाबदोशी जीवन होने के कारण उनके बच्चे स्थाई विद्यालयों में शिक्षा नहीं ग्रहण कर पाते और आधुनिकता से नहीं जुड़ पाए। न हीं ये बच्चे उच्च शिक्षा ग्रहण कर पाते हैं। आमतौर पर यह लोग हरियाणा के मध्य क्षेत्र में अपने पशुओं को लेकर आते हैं ताकि वहां नहरों के साथ वाले क्षेत्र में हरियाली से अपने पशुओं का पेट पाल सके। गोचालक जमाना राम बताते हैं कि कई बार जब उनके घर पर आवश्यक कार्य होता है तो झुंड में से एक या दो सदस्य घर चले जाते हैं और काम निपटाकर वापस आ जाते*

रोचक / रजनी अरोड़ा

टनल यानी सुरंग, जिसके भीतर से हम गुजरते हुए अपना रास्ता तय करते हैं। टनल, पहाड़ या चट्टान को काट कर ही नहीं, कुछ टनल पेड़ के बीच या किसी विशाल टॉवर की मंजिलों के बीच भी बने हैं, जिन्हें देखकर हर कोई आश्चर्यचकित रह जाता है।

# आश्चर्यचकित करने वाले दुनिया के अनोखे टनल



### 5वीं-7वीं मंजिल के बीच टॉवर टनल, जापान

**जापान की** टॉवर टनल की खास बात यह है कि यह एक 16 मंजिला ग्रेट टॉवर ऑफिस बिल्डिंग की 5वीं-7वीं मंजिल के बीच में से होकर गुजरती है। इस टनल में बने हानशिन एक्सप्रेसवे पर ट्रांसपोर्ट भी चलता है। यह एक्सप्रेसवे जापान के ओसाका शहर में बना है। सन 1992 में बनी यह टनल 71.9 मीटर (236 फीट) ऊंची है। टनल को ऐसी तकनीक से डिजाइन किया गया है कि इस पर गुजरते ट्रैफिक के शोर और वाइब्रेशन का कोई असर बिल्डिंग की अन्य मंजिलों पर नहीं पड़ता। *

### पेड़ के तने के बीच सेक्यूआ टनल, अमेरिका



**बच्चो, एक** ऐसी टनल भी है, जिसे पेड़ के तने को काट कर बनाया गया है। यह टनल है-कैलिफोर्निया, अमेरिका के सेक्यूआ नेशनल पार्क में, जो दुनिया की सबसे छोटी टनल है। इस पार्क में सेक्यूआ के बड़े-बड़े पेड़ हैं। 1937 में ऐसा ही एक बहुत बड़ा पेड़ प्राकृतिक कारणों से पार्क के रास्ते में सड़क पर गिर गया था। 84 मीटर (275 फुट) लंबे इस पेड़ का तना 6.4 मीटर (21 फुट) का था। इसके तने की चौड़ाई देखकर पार्क के अधिकारियों ने इस पेड़ को हटाने के बजाय इसके तने को काटकर उसके बीच में से गुजरता रास्ता बनाने का फैसला किया। सड़क की चौड़ाई के हिसाब से इसके तने को 2.4 मीटर (8 फुट) लंबाई और 5.2 मीटर (17 फुट) चौड़ाई में काट कर टनल का रूप दिया गया। आज भी यह टनल पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र है, इसके नीचे से कार आराम से गुजर जाती है। *

### फूलों के बीच मजा विस्टेरिया टनल, जापान

**बच्चो, अगर** तुम्हें फूलों के बीच बने टनल से गुजरने का मौका मिले तो कैसा लगेगा! मानी बात है, बहुत मजा आएगा। ऐसी ही एक टनल जापान के किटक्युशू द्वीप के कावाची फूजी गार्डन में है, जिसका नाम है-विस्टेरिया टनल। कावाची फूजी गार्डन में बनी बेलनाकार जाली के ऊपर विस्टेरिया फूलों के झाड़ीनुमा पौधों को इस तरह बढ़ने दिया जाता है कि वो टनल का आकार ले लेते हैं। 110 मीटर लंबे इस टनल में 20 से अधिक किस्मों के 150 से भी अधिक विस्टेरिया फूलों के पौधे लगाए जाते हैं। अप्रैल-मई के महीने में यह टनल रंग-बिरंगे विस्टेरिया फूलों से भर जाती है, जो देखने में बहुत मनभावन लगती है। इस टनल को दूर-दूर से पर्यटक देखने आते हैं। *



### पेड़-पौधों की हरियाली से सजी टनल ऑफ लव, यूक्रेन



**जिस तरह** जापान की विस्टेरिया टनल फूलों से सजी है, उसी तरह यूक्रेन में स्थित क्लेवान टनल, पेड़-पौधों की हरियाली से सजी है। यह टनल करीब 3 किलोमीटर लंबी है। यह जंगल के उस रेलवे ट्रैक के आस-पास बनी है, जिस पर गुजरकर दिन में तीन बार जंगल से कटी लकड़ियां ट्रेन, फैक्ट्रियों तक पहुंचाती है। अपनी प्राकृतिक खूबसूरती के कारण इसे टनल ऑफ लव नाम दिया गया है। जब इस टनल से ट्रेन के गुजरने का समय नहीं होता, तब पर्यटक इस टनल के रेलवे ट्रैक पर पैदल चलने का भी आनंद लेते हैं। *

### अंडरग्राउंड शॉपिंग कॉम्प्लेक्स पाथ टनल, कनाडा



**बच्चो, जिस** तरह दिल्ली में स्थित पालिका बाजार, अंडरग्राउंड बना हुआ है, इसी तरह कनाडा के टोरंटो में भी पाथ अंडरग्राउंड टनल में शॉपिंग कॉम्प्लेक्स है। यह टोरंटो के ऑफिस टॉवर के नीचे है, जो 30 किलोमीटर लंबा है। यहां तकरीबन 1200 रिटेल शॉप्स, 20 पार्किंग गैराज हैं। वर्ष 1900 में पैदल यात्रियों के लिए शुरू की गई यह टोरंटो की पहली टनल थी। 1960 के दशक में इसमें अंडरग्राउंड शॉपिंग कॉम्प्लेक्स बनने शुरू हो गए। गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड्स के अनुसार यह दुनिया का सबसे बड़ा अंडरग्राउंड टनल शॉपिंग कॉम्प्लेक्स है। इस टनल से रोजाना करीब 1 लाख लोग गुजरते हैं। *

### मल्टीमीडिया इफेक्ट्स का आनंद द बंड टनल, चीन

**चीन के** शंघाई शहर में हुआंगपू नदी के नीचे बने द बंड टनल में चारों तरफ 6 चैनल एंप्लीफाइस सिस्टम और साउंड इफेक्ट्स जैसी लेटेस्ट साइकेडेलिक मल्टीमीडिया



टेक्नोलॉजी फिट की गई हैं। पर्यटकों के लिए सबसे बड़ा आकर्षण है-यहां बने रेलवे ट्रैक पर चलने वाली ऑटोमेटिक ट्रांसपेरेंट मागलेव ट्रेन की राइड। यहां ऑटोमेटिक मागलेव ट्रेन मे घूमते हुए शानदार ऑडियो-वीडियो युक्त मल्टीमीडिया इफेक्ट्स का आनंद लिया जा सकता है। *

### दुनिया का आठवां आश्चर्य नेचुरल टनल, अमेरिका

**अमेरिका के** वर्जीनिया में स्थित लाखों साल पुरानी यह नेचुरल टनल, आज भी पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र है। पहले यहां चूना-पत्थर (लाइमस्टोन) की चट्टानें हुआ करती



थीं, जो कार्बनिक एसिड मिले ग्राउंडवाटर के रिसने से धीरे-धीरे टूटती गईं और अपने-आप ही टनल का रूप लेती गई। आज भी यह टनल 61 मीटर (200 फुट) चौड़ी और 24 मीटर (80 फुट) लंबी है। 1896 में इसे दुनिया का आठवां आश्चर्य घोषित किया गया था। *

---

तुम्हारे लिए नई किताब / समीर गांगुली


## भारतीय महिला वैज्ञानिकों की गाथा

बच्चो, कहानी-कविता की किताबें तो तुम खूब पढ़ते होगे, लेकिन क्या इनके अलावा ज्ञानवर्धक और नॉन-फिक्शन किताबें भी पढ़ते हो? ऐसी किताबें तुम्हें आज की दुनिया के साथ जोड़े रखती हैं, जानकारी बढ़ाती हैं और कुछ अच्छा करने, कुछ बनने की राह दिखाती हैं। कुछ समय पहले ऐसी ही एक किशोरोपयोगी प्रेरक किताब 'भारतीय महिला वैज्ञानिकों की गाथा' छपकर आई है। इस किताब में 15 भारतीय महिला वैज्ञानिकों के बारे में बताया गया है। उन वैज्ञानिकों ने विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान तो दिया ही है, साथ ही उनकी यह यात्रा भी कम रोचक नहीं रही है, क्योंकि उन्होंने तरह-तरह की चुनौतियों का सामना करके ऊंचा मुकाम बनाया है। इन महिला वैज्ञानिकों के बारे में पढ़कर तुमको बहुत कुछ जानने-सीखने का अवसर मिलेगा। *



**किताब:** भारतीय महिला वैज्ञानिकों की गाथा, **लेखिका:** अनुपमा गोरे, **मूल्य:** 200 रुपए, **प्रकाशक:** आईसेक्ट पब्लिकेशन, भोपाल

### बूझो तो जानें



1

नभ में एक धनुष बनता है
जिसके रंग हैं पूरे सात।
नहीं हाथ में आ सकता है
दिखता, जब होती बरसात।

2

खाओगे तो स्वाद है कड़वा
कहलाता हूं बड़ा हकीम।
सबको शीतल छाया देता
चिड़ियां करती प्यार असीम।

3

एक वर्ष के लिए मैं आऊं।
दिवस, दिनांक, मास बतलाऊं।
छोटे-बड़े हैं बारह बच्चे।
सभी नेक हैं, सीधे-सच्चे।

-गौरीशंकर वैश्य विनम्र

उत्तर : 1. इंद्रधनुष, 2. नीम, 3. कैलेंडर

### जीके क्विज-151

1. आईपीएल में सबसे कम उम्र में डेब्यू करने वाले खिलाड़ी का नाम क्या है?
2. हाल में भारत आए अमेरिका के उपराष्ट्रपति का क्या नाम है?
3. खेलो इंडिया यूथ गेम्स-2025 का आयोजन किस राज्य में किया जाएगा?
4. गाजर में कौन-सा विटामिन प्रचुर मात्रा में पाया जाता है?
5. दूध की शुद्धता मापने के लिए किस यंत्र का प्रयोग किया जाता है?
6. विश्व श्रमिक दिवस कब मनाया जाता है?
7. पृथ्वी अपने अक्ष पर कितने डिग्री झुकी हुई है?
8. कोणार्क का सूर्य मंदिर किस प्रदेश में स्थित है?
9. वायुमंडल में किस गैस का प्रतिशत सबसे अधिक पाया जाता है?
10. अरुणाचल प्रदेश की राजधानी कहां है?



बच्चो, जीके क्विज-151 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-150 का उत्तर :** 1.1970 ई., 2.गैलॉर्ड नेल्सन, 3.विराट कोहली, 4.पुर्तगाल, 5.एस. जयशंकर, 6.मासिनराम, 7.कोलकाता, 8.जयप्रकाश नारायण, 9.चैत्र, 10.तिरुवनंतपुरम

**जीके क्विज-150 का सही उत्तर देने वाले :** राजेंद्र-चांपा, कबीर-हिसार, रमेश-रायगढ़, शुभम-बलौदा बाजार, गुंजा-रायपुर, शताक्षी-दुर्ग, हर्ष-रायपुर, सचिन-रोहतक, अमन-बिलासपुर, आयुष-ईमेल से, दिव्या-रोहतक

---

कहानी / राजेंद्र श्रीवास्तव

स्वप्निल का जन्मदिन आया तो वह अपनी बहन चिया के साथ इसकी तैयारी में जुट गया। जन्मदिन की तैयारी में वह ऐसा खोया कि रात सोने पर भी सपने में वह अपना जन्मदिन बड़े अनोखे अंदाज में मनाते दिखा। आंख खुली तो उसे अपने आप पर खूब हंसी आई, साथ में मम्मी-पापा और चिया भी खूब हंसे। ऐसा क्या सपने में देखा स्वप्निल ने?

## स्वप्निल का सपना



स्वप्निल आज बहुत खुश था। वह खुशी-खुशी अपने सभी दोस्तों को बता रहा था, 'कल मेरा जन्मदिन है।' उसने अपने सभी दोस्तों को बर्थ-डे पार्टी में इनवाइट किया था। सबने वादा किया कि वह कल उसकी बर्थ-डे पार्टी में जरूर आएंगे। स्वप्निल की बहन चिया भी इस पार्टी को लेकर बहुत उत्साहित थी। स्कूल से घर आकर दोनों शाम तक बर्थ-डे पार्टी की तैयारी में लगे रहे। स्वप्निल उतावला हो रहा था, कब रात बीते और सवेरा हो और वह अपनी बर्थ-डे पार्टी मनाए।

स्वप्निल का उतावलापन देखकर मां ने कहा, 'बेटा, क्या जागते-जागते ही रात काटोगे, अब सो जाओ।'

स्वप्निल ने मां की बात मानी और आकर अपने बिस्तर पर लेट गया। कल की पार्टी के बारे में सोचते-सोचते कब वह सो गया, पता ही नहीं चला। सपने में स्वप्निल ने देखा कि वह किसी घने जंगल से गुजर रहा है। तभी सामने एक बड़ी-सी नदी दिखाई दी। नदी पर लंबा और आड़ा-तिरछा, ऊंचा-नीचा पुल है। पुल के दूसरी ओर एक सजी हुई टेबल पर उसका मनपसंद बहुत ही सुंदर-सा केक रखा है। केक के आस-पास बहुत सारे गिफ्ट भी रखे हुए हैं। उसके सभी दोस्त और चिया भी वहां धूम मचा रहे हैं। तभी उस दूसरे किनारे से चिया ने आवाज दी, 'स्वप्निल जल्दी आओ, यह केक तुम्हें ही काटना है।'

स्वप्निल जल्दी-जल्दी पुल पार करने लगा, लेकिन वह जैसे ही पुल के बीचों-बीच पहुंचा, पुल खट से टूट गया। यह देखकर वह डर गया। स्वप्निल को लगा, अब तो वह नदी में डूब जाएगा। वह पुल से नदी के पानी में गिरने ही वाला था, तभी एक दूसरे सुंदर से झूले पर वहां चिया आ गई। उसने सहारा देकर स्वप्निल को उस झूले पर ले लिया। चिया को अपने पास देखकर स्वप्निल का सारा डर उड़न-छू हो गया।

उसने देखा कि झूला सुंदर फूल-पत्ती और मजबूत लताओं का बना है। यह झूला किसी लकड़ी पर नहीं, हरी-पीली लंबी ककड़ी से बंधा है। ककड़ी का एक सिरा नदी के एक किनारे जेब्रा के कंधे पर है, दूसरा सिरा नदी के दूसरे किनारे पर कंगारू के कंधे पर है। बिना पंखों वाले कीवी और शुतुरमुर्ग भी उस ककड़ी को पकड़े हुए हैं। वहां एक रंगीन और सुंदर पंखों वाला मोर भी है। मोर नाच-नाच कर सबका मनोरंजन कर रहा है। एक रंग-बिरंगी तितली चिया और स्वप्निल के आस-पास मंडरा रही है। नीचे नदी के पानी में मछलियां लहरों के साथ अठखेलियां कर रही हैं। यह सब देखकर स्वप्निल बहुत खुश हुआ। अचानक उसे केक की याद आई। उसने आस-पास देखा। वहां न कहीं केक था, न ही गिफ्ट थे। तभी नदी के एक किनारे पर उसे एक लंबी पूंछ वाली चुहिया दिखी। चुहिया छिपकर स्वप्निल के केक को चट कर रही थी। कुछ गिफ्ट भी उस चुहिया ने कुतर-कुतर कर खराब कर दिए थे। यह देखकर स्वप्निल की सारी खुशी गायब हो गई। उसने दौड़कर उस चुहिया की पूंछ पकड़ ली और खींचते हुए जोर-जोर से रोने लगा, 'मेरा केक, मेरे गिफ्ट... मेरा केक, मेरे गिफ्ट...!'

तभी चिया की चीख सुनकर स्वप्निल की नींद खुल गई। उसने देखा, वहां न नदी थी, न ही झूला। न तितली थी और न ही चुहिया। जेब्रा और कंगारू, मोर और मछलियां भी नहीं थीं। उसके हाथ में चुहिया की पूंछ नहीं, चिया की चोटी थी, जिसे वह खींच रहा था और चिया दर्द से चिल्ला रही थी। मम्मी भी पास में ही खड़ी थीं।

स्वप्निल चिया की चोटी छोड़कर बोला, 'सॉरी चिया! लगता है मैं सपना देख रहा था।'

स्वप्निल ने अपना सपना मम्मी-पापा और चिया को सुनाया। उसका सपना सुनकर सभी को खूब हंसी आई। तभी मम्मी और चिया ने वहां टेबल पर सजाए गए केक और बहुत सारे गिफ्ट स्वप्निल को दिखाए। मम्मी बोली, 'देखो स्वप्निल, यह केक और गिफ्ट सब तुम्हारे लिए हैं और यह सपना नहीं है।'

चिया अपनी चोटी संभालते हुए बोली, 'और यहां चुहिया भी नहीं है।' चिया की बात सुनकर स्वप्निल और मम्मी-पापा जोर से खिलखिलाकर हंस दिए। *

---

कविता

दिनेश पाठक 'शशि'




## छुक-छुक रेल

बच्चे मिलकर खेलें खेल।
छुक-छुक चलती अपनी रेल।।
नंदू जी की गुड़िया बोली
आओ मिलकर खेलें-खेल।
हो जाते हैं खड़े इस तरह
बन जाएगी लंबी रेल।।
किंतु न करना कोई भैया
बिल्कुल धक्कम ठेला-ठेल।।
छुक-छुक चलती अपनी रेल।।
चिंकी-पिंकी, टिंकू डिब्बे
इंजन राजा भैया।
राजुल गार्ड दे रहा सीटी
नाचे ता-ता थैया।
डिब्बे बनकर सब करते हैं
देखो कैसी ठेलम-ठेल।।
छुक-छुक चलती अपनी रेल।।
नहीं तीसरा दरजा इसमें
नहीं है दरजा पहला।
भेद-भाव से दूर बहुत है
कोई न नहला-दहला।
खेल-मेल की इस गाड़ी का
नाम रखा है चुनमुन मेल।।
छुक-छुक चलती अपनी रेल।।

---

### अंतर बताओ


बच्चो, यहां डिफरेंट ब्रीड के डॉग्स के दो चित्र दिए गए हैं। इन चित्रों में सात अंतर हैं। तुम पांच मिनट में ये सातों अंतर ढूंढ़कर बताओ।



उत्तर : [illegible]

### एनिमल का नाम बताओ

बच्चो, नीचे दिए गए प्रत्येक एनिमल के चित्र के साथ कुछ अल्फाबेट्स दिए गए हैं। इन अल्फाबेट्स को सही से अरेंज करने पर एनिमल का नाम तुम्हें मिलेगा। तो देर किस बात की, अल्फाबेट्स अरेंज कर प्रत्येक चित्र के नीचे दिए गए बॉक्सेज में एनिमल के नाम लिखो।



## खबर संक्षेप



महेंद्रगढ़। हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देते हुए। फोटो : हरिभूमि

### राव सुलतान स्कूल में श्रद्धांजलि सभा आयोजित

**महेंद्रगढ़।** राव सुल्तान सिंह सीनियर सेकेंडरी स्कूल निम्बहेड़ा में आतंकवादी हमले में मारे गए 27 लोगों को श्रद्धांजलि दी गई। संस्था निदेशक एडवोकेट सतपाल यादव ने बताया कि कश्मीर के पहलगाम शहर के निकट मिनी स्विट्जरलैंड के नाम से मशहूर पर्यटन स्थल बैसरन में 22 अप्रैल मंगलवार को आतंकवादी हमले में मारे गए 27 लोगों को दर्दनाक मौत देश कभी नहीं भूल पाएगा। उन्होंने बताया कि आतंकवादियों ने केवल हिंदू को ही अपना निशाना बना यह बताता है कि हिन्दुओं को ही अपना निशाना बनाया। हिंदू बाहुल्य देश में हिंदू के साथ यह कैसा अन्याय है। देश इसको कभी बर्दाश्त नहीं करेगा। आतंकवादी ने पर्यटकों से पहले उनका धर्म पूछा, परिचय पत्र देखकर और फिर हिंदू हो कहकर गोली मार दी।

राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर जिलास्तरीय कार्यक्रम आयोजित

# बेतरीन कार्य करने वाली ग्राम पंचायतों को किया जाएगा पुरस्कृतः बीडीपीओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर बीडीपीओ कार्यालय के सभागार में बीडीपीओ मनोज कुमार की अध्यक्षता में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बीडीपीओ मनोज कुमार ने पंचायती राज व विकेन्द्रीकरण शासन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि ग्राम पंचायतों को सशक्त करने लिए शासन व प्रशासन तत्तपर है, इसलिए सभी ग्राम सचिव व ग्राम सरपंच अपनी अपनी ग्राम पंचायत को हर क्षेत्र में अव्वल करने के लिए विकास कार्य करवाएं। बेहतरीन कार्य करने वाली ग्राम पंचायतों को राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कृत भी किया जाएगा।

इस अवसर पर जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन के जिला सलाहकार मंगतुराम सरसवा ने ग्राम जल एवं सीवरेज समिति के गठन व उद्देश्यों के बारे में जानकारी प्रदान की। उन्होंने सभी उपस्थिजनों को जल जीवन मिशन के बारे में बताते हुए कहा कि हरियाणा सरकार व भारत सरकार जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल से स्वच्छ पेयजल प्रदान कर रही है। इसी के तहत अब जल संरक्षण व जल की गुणवत्ता के लिए स्वयं सहायता समूह की महिलाएं भी गांव गांव में जल प्रबंधन में सहयोगी की भूमिका निभाएगी। उन्होंने पेयजल की नई संचालन व रखरखाव की नीति के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि एकल ग्राम योजना में शामिल ग्राम पंचायतों को इसी वर्ष इस योजना में शामिल किया जाएगा। वहीं बहु ग्राम योजना में शामिल ग्राम पंचायतों को अप्रैल 2026 से इस योजना में शामिल किया जाएगा।

उन्होंने ग्राम सचिव व सरपंचों के माध्यम से गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए कहा कि इस दौरान पानी की जरूरत बढ़ जाती है व पानी सीमित होता है, इसलिए जरूरत के अनुसार ही पेयजल का प्रयोग करें। पेयजल की बर्बादी उपभोक्ता न करें। नलों को खुला न छोड़ें व पेयजल को दूषित होने से भी बचाए। किसी प्रकार की लीकेज की समस्या के समाधान के लिए विभाग के टोल फ्री नंबर 18001805678 का प्रयोग अवश्य करें। स्वच्छ भारत मिशन के बीआरसी अंकित ने कचरा प्रबंधन के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए स्वच्छता का होना बहुत जरूरी है। ओडीएफ प्लस के तहत ग्राम पंचायतें स्वच्छता पर कार्य करें। विभाग की ओर से किसी प्रकार की सहायता के लिए स्वच्छ भारत मिशन इकाई से संपर्क करें। कार्यक्रम के दौरान यूट्यूब लिंक के माध्यम से प्रधानमंत्री के राष्ट्रीय स्तर के संबोधन कार्यक्रम व मुख्यमंत्री के राज्य स्तरीय कार्यक्रम को सीधा प्रसारण के रूप में भी दिखाया गया।



नारनौल। उपस्थितजनों को जल जीवन मिशन की जानकारी देते जिला सलाहकार मंगतुराम सरसवा। फोटो : हरिभूमि

**ये रहे मौजूद**

कार्यक्रम के अंत में स्वच्छ सुजल गांव समुदाय के नेतृत्व में व्यवहार प्रोत्साहन परिवर्तन को प्रोत्साहित करने की शपथ भी ली। इस मौके पर एससीपीओ अंकित, बीआरसी इंद्रजीत, बीआरसी अशोक कुमार, ऑपरेटर कपिल सहित ग्राम सरपंच व ग्राम सचिव आदि मौजूद थे।



महेंद्रगढ़। नशे से दूर रहने की शपथ लेते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## विजय इंटरनेशनल स्कूल में सड़क सुरक्षा एवं नशा मुक्ति पर व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

विजय इंटरनेशनल स्कूल बलाना में जिला उपायुक्त डॉ. विवेक भारती, उपमंडल अधिकारी नागरिक अनिल कुमार यादव के मार्ग दर्शन में सड़क सुरक्षा एवं नशा मुक्ति पर एक प्रभावशाली व्याख्यान एवं जन चेतना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिला रेडक्रॉस सोसायटी के तत्वावधान में संपन्न हुआ, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों व आमजन को सड़क सुरक्षा नियमों के पालन और नशा मुक्ति के महत्व के प्रति जागरूक करना रहा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य नत्थू सिंह यादव ने की, जबकि मुख्य वक्ता जिला रेडक्रॉस सोसाइटी उपमंडल कोआर्डिनेटर राजेश शर्मा झाड़ली रहे। संरक्षण महेंद्र सिंह यादव ने बताया कि विद्यार्थियों को समाज के प्रति जिम्मेदारी का बोध कराने के लिए इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन आवश्यक है। चेयरमैन विजय यादव टूमना ने कहा कि सड़क सुरक्षा का महत्व आज के समय में अत्यधिक बढ़ गया है।

प्रतिवर्ष लाखों लोग सड़क दुर्घटनाओं का शिकार होते हैं, जिनमें बड़ी संख्या युवाओं की होती है। उन्होंने कहा कि यदि हम ट्रैफिक नियमों का पालन करें, हेलमेट पहनें, सीट बेल्ट लगाएं और नशे की हालत में वाहन न चलाएं तो इन दुर्घटनाओं में भारी कमी लाई जा सकती है।

प्राचार्य नत्थू सिंह यादव ने कहा कि नशा और दुर्घटना एक-दूसरे के पूरक बन चुके हैं। नशे में वाहन चलाना केवल अपने लिए ही नहीं, बल्कि दूसरों के जीवन के लिए भी खतरा है। राजेश शर्मा झाड़ली ने कहा कि यदि युवा पीढ़ी जागरूक हो जाए तो समाज में बदलाव अवश्य आएगा।

## गोल्ड मेडलिस्ट वंदना को राजस्थान के विवि से मिली डॉक्टरेट की उपाधि

हरिभूमि न्यूज महेंद्रगढ़

आरपीएस की छात्रा रही वंदना पूनिया पुत्री वेदपाल ने नेट के बाद अब राजस्थान के विश्वविद्यालय से कॉमर्स में डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। महेंद्रगढ़ निवासी वंदना पूनिया ने बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन पर राजस्थान विश्वविद्यालय सें मार्केटिंग विषय पर रिसर्च कर यह उपलब्धि हासिल की है। छात्रा की इस उपलब्धि पर आरपीएस परिवार के साथ-साथ क्षेत्र के अनेक लोगों ने उन्हें बधाई दी है। उनके गुरु शिव कौशिक ने बताया कि छात्रा वंदना पूनिया शुरू से ही होनहार छात्रा रही है। उन्होंने वर्ष 2011 में 87 प्रतिशत अंकों के साथ मैट्रिक, 2013 में आरपीएस स्कूल से 12वीं की परीक्षा 92 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण करने के बाद 2016 से महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में 75 प्रतिशत अंकों के साथ बीकॉम तथा सेंट्रल यूनिवर्सिटी राजस्थान से वर्ष 2000 में 87 प्रतिशत अंकों के साथ एमकॉम, गोल्ड मेडलिस्ट रही। इसके बाद यूनिवर्सिटी आफ ग्रांट कमिशन न्यू दिल्ली से यूजीसी नेट की परीक्षा 98.35 प्रतिशत अंकों के साथ पास की। अब मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय उदयपुर से पीएचडी की परीक्षा पास कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

उनकी इस उपलब्धि पर क्षेत्र के अनेक संगठनों व क्षेत्र के गणमान्य लोगों के साथ-साथ आरपीएस ग्रुप चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, सीईओ इंजी. मनीष राव, डिप्टी सीईओ कुनाल राव, प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी, उप प्राचार्य दिनेश कुमार, डीन एलएन गौड़, विंग हैड देवेंद्र पुनिया सहित समस्त स्टाफ सदस्यों ने वंदना पूनिया को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के कामना की है।



वंदना पूनिया

## सूरज डिग्री कॉलेज एमए इंग्लिश प्रथम सेमेस्टर के पांच विद्यार्थी टॉप

**महेंद्रगढ़।** इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर द्वारा एमए इंग्लिश के प्रथम सेमेस्टर का परिणाम घोषित किया गया, जिसमें सूरज कॉलेज के विद्यार्थियों का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा। एमए इंग्लिश प्रथम सेमेस्टर की छात्रा मोनिका शेखावत पुत्री नरेश कुमार सतनाली ने 9.08 एसजीपीए लेकर पूरे विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम मे वैभवी पुत्री राजेश कुमार भिवानी ने 8.62 एसजीपीए के साथ विश्वविद्यालय में दूसरा, ज्योति शर्मा पुत्री गिल्लू राम गांव देवास ने 8.31 एसजीपीए के साथ विश्वविद्यालय में चौथा, सपना यादव पुत्री महिपाल यादव गांव मंडलाना ने 8.00 एसजीपीए के साथ विश्वविद्यालय में छठा, सुबोध पुत्री चांद सिंह कनीना ने 7.85 एसजीपीए के साथ विश्वविद्यालय में दसवां स्थान प्राप्त किया। कॉलेज प्राचार्य डा. सुधाकर गुप्ता ने बताया कि कॉलेज का श्रेष्ठ परिणाम विद्यार्थियों के कठोर परिश्रम व शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने बताया कि कॉलेज के विद्यार्थी किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है। कॉलेज निदेशक संदीप प्रसाद ने भी परिणाम पर खुशी जाहिर करते हुए विद्यार्थियों, अभिभावकों व शिक्षकों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



मोनिका



वैभवी

## यातायात नियमों की जागरूकता से दुर्घटनाओं पर लग पाएगा अंकुशः दयाराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नांगल चौधरी

सरस्वती पब्लिक स्कूल भोजावास में जिला रेडक्रॉस सोसायटी के तत्वावधान में नशाखोरी व यातायात जागरूकता कार्यक्रम प्राचार्य राजेश कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। जिसमें ब्रिगेड अधिकारी प्रदीप कुमार ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया तथा यातायात नियमों की जानकारी दी। कार्यक्रम में संस्था के चेयरमैन दयाराम यादव ने विद्यार्थियों को वार्ड वाइज नशा उन्मूलन अभियान चलाने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने कहा कि युवाओं में वाहन ड्राइव करने का जुनून तेजी से बढ़ रहा है। अधिकतर के पास वैध लाइसेंस तक नहीं होता तथा यातायात नियमों की जानकारी भी नहीं होती। जिस कारण सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाना संभव नहीं हो रहा है। सरकार ने यातायात एक्ट में संशोधन करके सख्त बनाया है, अब नाबालिग युवा वाहन ड्राइव नहीं कर सकते। इंश्योरेंस व अन्य दस्तावेज उपलब्ध नहीं होने पर महंगा चालान निर्धारित किया है। बचाव के लिए युवाओं को परिवार व पड़ोसियों को यातायात नियमों की जानकारी देनी चाहिए। उन्होंने जेब्रा क्रॉसिंग पर ही सड़क पार करने की हिदायत दी, तर्क दिया जेब्रा क्रॉसिंग पर वाहन की रफ्तार धीमी या रोकने की हिदायत है।



नांगल चौधरी। नशाखोरी पर अंकुश लगाने की शपथ लेते सरस्वती पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि



महेंद्रगढ़। विद्यार्थी अजय को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## यदुवंशी छात्र अजय ने यूपीएससी में हासिल की 705वीं रैंक

**महेंद्रगढ़।** संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा के नवीनत्तम परिणामों में यदुवंशी के होनहार छात्र अजय यादव पुत्र राजाराम पूर्व सरपंच बाहला ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 705वीं रैंक प्राप्त की है। वहीं यदुवंशी का दूसरा छात्र आदित्य यादव पुत्र सतीश कुमार ने 492वीं रैंक हासिल कर यूपीएसई की प्रतिष्ठित परीक्षा उत्तीर्ण की। इससे पहले आदित्य ने सीडीएस परीक्षा में पूरे भारत में प्रथम स्थान प्राप्त किया और एनडीए की परीक्षा भी सफलता पूर्वक उत्तीर्ण की। सफल छात्र अजय यादव ने कहा कि कठिन परिश्रम, समर्पण और दृढ़ निश्चय के साथ इस प्रतिष्ठित परीक्षा को पार किया। चेयरमैन एवं पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने सफल छात्र अजय यादव को फूलों का गुलदस्ता, शॉल व मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया। साथ ही उनकी माता को शॉल व 51 हजार की नकद राशि देकर सम्मानित किया तथा अजय के साथ आए हुए परिवार के समस्त सदस्यों को शॉल व मोमेंटो देकर सम्मानित किया। वहीं आदित्य यादव को भी 51 हजार रुपये की धनराशि देकर सम्मानित किया गया। वाइस चेयरमैन एडवोकेट कर्ण सिंह यादव, वाइस चेयरपर्सन संगीता यादव व फाउंडर डायरेक्टर डॉ. राजेंद्र सिंह यादव ने भी छात्रों को शुभकामनाएं दी।

## बीआर ज्ञानदीप विद्यालय में गणित क्विज प्रतियोगिता आयोजित



महेंद्रगढ़। विजेता बच्चों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

बीआर ज्ञानदीप विद्यालय सुरजनवास में कक्षा छठी से आठवीं तक के विद्यार्थियों के बीच गणित क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता विद्यालय के गणित अध्यापक सचिन के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। प्रतियोगिता में गणित से संबंधित विविध पहलुओं को शामिल किया गया, जैसे मौखिक गणना, गणितीय पहेलियां, सामान्य ज्ञान, सूत्रों की पहचान, तर्कशक्ति आधारित प्रश्न तथा तीव्र उत्तर राउंड, जिन्हें एक ही क्रम में सम्मिलित कर प्रतिभागियों की गणितीय समझ, सोचने की क्षमता और उत्तर देने की गति की परख की गई। छात्रों को टीमों में विभाजित कर प्रतियोगिता को रोचक एवं प्रतिस्पर्धात्मक बनाया गया। प्रतिभागियों ने प्रश्नों के उत्तर उत्साहपूर्वक और आत्मविश्वास के साथ दिए, जिससे उनके भीतर गणित के प्रति रुचि और विश्वास की भावना उजागर हुई। प्रधानाचार्य रामवीर यादव ने कहा कि इस प्रकार की शैक्षणिक गतिविधियां छात्रों को रटने की बजाय समझने और प्रयोग करने की प्रेरणा देती हैं। सचिन ने इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई और भविष्य में और भी ऐसी रचनात्मक गतिविधियां आयोजित करने की बात कही।



महेंद्रगढ़। आत्माओं की शांति हेतु मौन धारण व श्रद्धांजलि देते।

## बीआर स्कूल में श्रद्धांजलि सभा आयोजित

**महेंद्रगढ़।** बीआर स्कूल सेहलंग में एक भावुक एवं मार्मिक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया, जिसमें हाल ही में जम्मू के पहलगाम में मानवता के दुश्मनों द्वारा निःहत्थे सैलानियों पर किए गए वीभत्स हमले में निर्दोष नागरिकों की अकाल मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त किया गया। सभा में बीआर ग्रुप चेयरमैन हरीश भारद्वाज, प्राचार्य डॉ. राम मोहन वशिष्ठ, उपप्राचार्या ज्योति भारद्वाज एवं समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। सभी ने मौन धारण कर शहीद आत्माओं की शांति और स्वर्ग में स्थान के लिए सामूहिक प्रार्थना की।

## नवज्ञान ज्योति स्कूल में दी बच्चों को सड़क सुरक्षा के बारे में जानकारी

**नारनौल।** नवज्ञान ज्योति पब्लिक स्कूल मान्दी में ब्रिगेडियर ऑफिसर प्रदीप यादव ने बच्चों को सड़क सुरक्षा व नशा मुक्ति के बारे मे बताया। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों को सभी प्रकार के नशे से होने वाली बीमारियों के बारे मे बताया। इसके साथ उन्होंनें सड़क सुरक्षा व यातायात के नियमों के बारे मे बच्चों को बताया कि हम कैसे इन नियमों का पालन करके सड़कों पर होने वाली दुर्घटना से बच सकते है। विद्यार्थियों को किसी भी प्रकार का नशा न करने के लिए प्रेरित किया। सभी बच्चों व स्टाफ को नशा न करने और सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने की ब्रिगेडियर प्रदीप यादव ने शपथ दिलवाई। उन्होंने कहा कि हम कभी भी किसी भी प्रकार का नशा नहीं करेंगे और न ही किसी को करने देंगे।



नारनौल। बच्चों को सड़क सुरक्षा की जानकारी देते हुए। फोटो : हरिभूमि

**सार्वजनिक सूचना**

मै राम प्रताप पुत्र श्योसहाय वासी ग्राम तिगरा तहसील अटेली जिला महेंद्रगढ हरियाणा बयान करता हूं कि मैने अपने पुत्र विनोद कुमार व उसकी पत्नी उर्मिला को अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल किया हुआ है। जिसकी बेदखली सूचना 16.06.2017 को हरि भूमि समाचार पत्र में दी हुई है। अब मेरा पुत्र व उसकी पत्नी मेरा कहना मान रहे हैं और मेरी देखरेख कर रहे है। इसलिए आज के बाद उनका मेरी सारी चल-अचल संपत्ति में बराबर का हक होगा।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि गांव खेड़ी, खण्ड कनीना, जिला महेन्द्रगढ़ में तीन जोहड़ों को मछली पालन हेतु पट्टा करवाने हेतु खुली बोली (नीलामी) दिनांक 28.04.2025 को प्रातः 10 बजे गांव खेड़ी के पंचायत घर में छोड़ी जाएगी। इच्छुक व्यक्ति समय पर पहुंच कर हिस्सा ले सकते हैं। बोलीदाता को दस हजार रुपये सिक्योरिटी जमा करवानी होगी और बाकी शर्तें मौके पर सुनाई जाएगी।

हस्ता/- पंकज कुमार, सरपंच
ग्राम पंचायत खेड़ी खण्ड कनीना
(महेन्द्रगढ़)

रात्रि ठहराव कार्यक्रम के दौरान प्रशासन व ग्रामीणों के बीच क्रिकेट मैच आयोजित

# प्रशासन इलेवन ने ग्रामीण इलेवन को दो विकेट से हराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

उपायुक्त डा. विवेक भारती के अध्यक्षता में जिले के गांव नीरपुर राजपूत में (मंगलवार) को रात्रि ठहराव कार्यक्रम के दौरान प्रशासन-11 व ग्रामीण-11 के बीच 20-20 क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। गांव के सम्राट पृथ्वीराज चौहान क्रिकेट स्टेडियम में नशा मुक्ति का संदेश देने के लिए आयोजित इस डे-नाइट रोमांचक मुकाबले में प्रशासन-11 ने ग्रामीण-11 को ऑल आउट कर दो रनों से जीत हासिल की। सबसे पहले टॉस जीतकर प्रशासन-11 ने बल्लेबाजी करने का फैसला किया। प्रशासन-11 की टीम ने 20 ओवर में नौ विकेट के नुकसान पर 117 रन बनाए।

लक्ष्य का पीछा करते हुए ग्रामीण-11 की टीम 17.4 ओवर में 115 रन पर ही आल आउट हो गई। प्रशासन-11 की तरफ सुधीर ने चार ओवर में केवल 16 रन देकर दो विकेट हासिल किए। उन्हें मैन ऑफ दी मैच का खिताब दिया गया। प्रशासन-11 की तरफ से कप्तान अतिरिक्त उपायुक्त डा. आनन्द कुमार शर्मा ने चार ओवर में 20 रन देकर दो विकेट लिए। आनंद भारद्वाज ने 2.4 ओवर मे 27 रन देकर दो विकेट चटकाए।इसी प्रकार पंकज ने चार ओवर में 17 रन देकर दो विकेट लिए। बल्लेबाजी में नरेश कुमार ने सर्वाधिक 33 रन बनाए।

वहीं डीएसपी हरदीप सिंह ने 24 रन बनाए। इसी प्रकार एसडीएम महेंद्रगढ़ अनिल यादव ने आठ रन तथा डीएसपी दिनेश कुमार ने सात रन बनाए। एसडीएम रमित यादव बिना रन बनाए पवेलियन लौटे। एसडीएम महेंद्रगढ़ अनिल यादव ने अच्छी विकेट कीपिंग की। ग्रामीण-11 की तरफ से अमिताभ जाझोट ने 21 रन, रतनपाल सरपंच ने 12 रन व जीत कुमार ने 15 रन बनाए। कप्तान योगेश राजपूत ने 14 रन बनाए। ग्रामीण-11 की तरफ से बालिंग में योगेश यादव ने तीन ओवर में 17 रन देकर दो विकेट चटकाए।

कामेश ने चार ओवर में 41 रन देकर दो विकेट लिए। सरपंच रतनपाल ने तीन ओवर में 14 रन देकर एक विकेट हासिल की। इस अवसर पर काफी संख्या में ग्रामीणों ने भी मैच का आनंद उठाया।





नारनौल। दोनों टीमों के साथ फोटो सेशन में उपायुक्त डा. विवेक भारती व पुलिस धीक्षक पूजा वशिष्ठ वव क्रिकेट मैच में भाग लेते ग्रामीण व प्रशासनिक अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

ना कुछ खोया, ना कुछ पाया, नेकी करी कमाई
कर समाज सेवा, पदवी '' बाबा '' की पाई



सत्यवादी बाबा कर्ण सिंह जी
की 30 वीं पुण्यतिथि
पर शत्-शत् नमन
आपकी सत्यनिष्ठा सदैव हमारे लिए प्रेरणादायी बनी रहेगी।

सौजन्य से
- Maharana Pratap Engineering College, Dhanaunda
- Maharana Pratap Polytechnic, Dhanaunda
- Maharana Pratap College of Education, Dhanaunda
- Pitamah Umda Singh College of Education, Dhanaunda
- Brilliant Sr. Sec. School, Dhanaunda (Mahendragarh)

ठाकुर अतरलाल एडवोकेट - पुत्र मो. 9034793749

## खबर संक्षेप



नारनौल। संस्था के संरक्षक शिंभू दयाल को चेक सौंपते नंगलिया परिवार के सदस्य।

### नंगलिया परिवार का सैन धर्मशाला में दिया सहयोग

**नारनौल।** नांगल चौधरी में सैन महासभा की ओर से बनने वाली निर्माणाधीन धर्मशाला के लिए मूसनोता गांव के नंगलिया परिवार ने एक लाख 21 हजार रुपये दान स्वरूप संस्था के प्रधान को भेंट किया। इस अवसर पर परिवार के मुखिया बाबूलाल सैन ने बताया कि व्यक्ति को दान से समाज में समानता का भाव आता है। जब हम जरूरतमंद लोगों की धन, अनाज व अन्य चीजें देकर मदद करते हैं, तो वे दान दाता को शुभकामनाएं व आशीर्वाद देते हैं। ऐसी मान्यता है कि ऐसी शुभकामनाएं व आशीर्वाद मुश्किल समय में व्यक्ति का साहस बढ़ाती हैं। दान देने से त्याग की भावना बढ़ती है और चीजों से मोह भी कम होता है।

### शिक्षकों के दल ने किया आंगनबाड़ी केंद्र का भ्रमण

**कनीना।** पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत एसडी विद्यालय ककराला के शिक्षक अजीत सिह व सरितबाला ने आंगनबाड़ी केंद्र का भ्रमण किया। इतना ही नहीं उन्होंने आंगनबाड़ी में उपस्थित महिलाओं को संतुलित आहार ग्रहण करने तथा खाने की वस्तुओं में साफ सफाई रखने के लिए जागरूक किया। नवजात बच्चों व अभिभावकों को पारंपरिक खाद्य पदार्थो व मोटे अनाज का महत्व बताया। इस दौरान इंडिजीनस टॉयाथॉन के तहत अभिभावकों व बच्चों को पारंपरिक खिलौने बनाने व चित्रकारी के तरीके भी बताए। प्राचार्य जेनेट सिंह ने सहभागिता से सेवा भावना पर जोर दिया।

### नौ मई को मनाई जाएगी महाराणा प्रताप की जयंती

**नारनौल।** आगामी नौ मई को गांव भोजावास में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। गांव के सर्व समाज की ओर से राज्य स्तर पर मनाई जा रही जयंती समारोह के मुख्य अतिथि प्रजा भलाई के संगठन के सुप्रीमो प्रमुख समाजसेवी अतरलाल एडवोकेट होंगे। आयोजन समिति के सदस्य भागसिंह चेयरमैन व रविन्द्र शर्मा ने बताया कि महाराणा प्रताप स्वाधीनता के अग्रदूत थे।

### सेन चौक पर सुंदरकांड पाठ का किया आयोजन

**नारनौल।** श्री मेहंदीपुर बालाजी मित्र मंडल के तत्वावधान में मंगलवार रात को सेन चौक के पास मन्नू बंसल के निवास स्थान पर सुंददरकांड पाठ किया गया। मुख्य यजमान मन्नू बंसल व उनका परिवार रहा। आचार्य अश्वनी शर्मा ने पूजा अर्चना करवा हनुमान चालीसा व गणेश वंदना के साथ सुंदरकांड पाठ का शुभारंभ किया। अध्यक्षता प्रधान महावीर प्रसाद अग्रवाल ने की। राजेश सोनी ने बालाजी का भव्य दरबार सजाया। इस मौके पर महावीर प्रसाद अग्रवाल, विजय हल्दिया, गौरीशंकर शर्मा, मनीष शर्मा, संजय अग्रवाल, रामानंद शर्मा, राकेश गुप्ता, संजय शर्मा, विजय हल्दिया, राजेश सोनी, नवीन जैन मौजूद रहे।

# 30 को अक्षय तृतीया : अक्षय का मतलब कभी क्षय न हो यानी जो कभी खत्म ना हो

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

हिंदू धर्म में अक्षय तृतीया के पर्व का विशेष महत्व होता है। पंचांग के अनुसार हर साल वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को अक्षय तृतीया का त्योहार मनाया जाता है। अक्षय तृतीया को (अबूझ) सर्वश्रेष्ठ सिद्ध मुहूर्त माना गया है यानी इस दिन बिना कोई मुहूर्त देख कोई भी शुभ और मांगलिक कार्य कर सकते हैं और भूमि, भवन, वाहन की खरीददारी कर सकते है। ज्योतिषाचार्य पंडित राहुल भारद्वाज गढ़ी ने बताया अक्षय तृतीया व भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव 30 अप्रैल बुधवार को मनाया जाएगा।



पंडित राहुल भारद्वाज गढ़ी

इस बार आखा तीज पर अक्षय तृतीया के दिन सवार्थ सिद्धि योग, रवि योग, शोभन योग और रोहिणी व मृगशिरा नक्षत्र का विशेष संयोग बन रहा है। जो किसी भी शुभ कार्यों को करने तथा दान पुण्य के लिए विशेष फलदाई बताया है। ज्योतिष के अनुसार इस दिन सूर्य और चंद्रमा दोनों अपनी उच्च राशि में विराजमान रहते है और कई ग्रह शुभ स्थिति में रहते है। इस कारण से भी ये अपने आप में शुभ मुहूर्त बन जाता है। जो किसी भी जप, तप, ज्ञान, पूजा-पाठ अनुष्ठान, हवन दान, स्नान के फायदेमंद बताया गया है। इस दिन खरीददारी करना शुभ होता हैः भारद्वाज गढ़ी ने बताया कि अक्षय तृतीया के दिन खरीदारी करना बहुत ही शुभ माना जाता है। इस दिन खरीदी गई वस्तुओ में वृद्धि होती है। इस दिन सोना चांदी के आभूषण की खरीददारी करनी चाहिए। अक्षय तृतीया के दिन मिट्टी की महत्ता सोना खरीदने के बराबर माना जाता है। अगर आप सोना चांदी नहीं खरीद पा रहे हैं तो मिट्टी का पात्र जैसे घड़ा, दीपक आदि चीजों को इस दिन घर लाना शुभ माना जाता है। ऐसा करने से आपकी संपत्ति में इजाफा होता है। राहुल भारद्वाज ने बताया कि अक्षय तृतीया पर दान का बहुत ही अधिक बताया गया है। अक्षय का मतलब होता है जो कभी क्षय न हो यानी जो कभी खत्म ना हो। इसलिए इस दिन दान पुण्य करना विशेष फलदाई बताया है। इस दिन किए गए दान का पुण्य हमें हमेशा मिलता रहता है। इस दिन मटका, वस्त्र, छता, सत्तू, नमक, गुड़, चावल, तिल पंखा फल, गौ आदि का दान करना चाहिए।

### आज ही के दिन हुआ भगवान परशुराम का जन्म

उन्होंने बताया कि भगवान परशुराम का जन्म अक्षय तृतीया के दिन हुआ था। इसलिए अक्षय तृतीया के दिन परशुराम जन्मोत्सव मनाया जाता है। तृतीया तिथि का प्रारंभ 29 अप्रैल को शाम 5:30 बजे से होगा और 30 अप्रैल को दोपहर 2:11 बजे तक रहेगी। इस कारण भगवान परशुराम जन्मोत्सव 29 अप्रैल को प्रथम याम व्यापिनी तृतीया में भी मनाया जाएगा और 30 अप्रैल को भी। भगवान परशुराम विष्णु भगवान के छठे अवतार थे। वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को पुनर्वसु नक्षत्र में रात्रि के प्रथम प्रहर में उच्च के ग्रहों से युक्त मिथुन राशि पर राहु के स्थित रहते माता रेणुका के गर्भ से भगवान परशुराम का जन्म हुआ था। इनके पिता का नाम जमदग्नि ऋषि था। वे अपनी माता-पिता चौथी संतान थे। मान्यताओं अनुसार संसार में आठ ऐसे चिंरजीवी हैं, जो युगों-युगों से पृथ्वी पर मौजूद हैं। उनमें एक भगवान परशुराम भी है। इस तिथि को प्रदोष व्यापिनी रूप में ग्रहण करना चाहिए, क्योंकि भगवान परशुराम का प्राकट्य काल प्रदोष काल ही है। भविष्यपुराण में उल्लेख है कि इस दिन युगादि तिथियों की गणना होती है। सतयुग व त्रेतायुग की शुरूआत इसी दिन से हुई थी। तिथि को लेकर अन्य मान्यताएं भी हैं। महर्षि वेदव्यास ने इसी दिन से महाभारत लिखना शुरू किया था।

## पंचायती राज दिवस पर यदुवंशी डिग्री कॉलेज में कार्यक्रम आयोजित

**महेंद्रगढ़।** यदुवंशी डिग्री कॉलेज में राष्ट्रीय पंचायती राज पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पंचायतीराज व्यवस्था की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि वर्तमान स्थिति और इसके महत्व पर विस्तार से चर्चा की गई। चेयरमैन एवं पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने कहा कि यह प्रणाली ग्रामीण भारत की रीड है। जब तक गांव मजबूत नहीं होंगे, देश प्रगति नहीं कर सकता। उन्होंने छात्रों से लोकतांत्रिक मूल्यों को समझने व गांव के विकास में भागीदार बनने का आह्वान किया। डायरेक्टर राजेंद्र यादव ने कॉलेज की स्थापना से लेकर ग्रामीण विकास हेतु किए गए प्रयासों पर प्रकाश डाला।

## पाकिस्तान का फूंका पुतला, लगाए मुर्दाबाद के नारे

# आए दिन हो रही आतंकी घटनाओं पर लगे स्थाई लगाम, पाकिस्तान को सिखाएं सबक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों ने लोगों की बेरहमी से हत्या कर दी। इस घटना के बाद से देशभर में आक्रोश का माहौल बना हुआ है। इसी कड़ी में वीरवार को शहर में भी पाकिस्तान के खिलाफ प्रदर्शन किया गया। संघी मार्केट व मोहिनी गली के दुकानदार संघी मार्केट में एकित्रत हुए। यहां से चलकर सभी लोग महावीर चौक पहुंचे। जहां पर पाकिस्तान का पुतला फूंका व पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए। प्रदर्शनकारियों ने पाकिस्तान के खिलाफ नारे लगाते हुए पड़ोसी देश के खिलाफ ठोस कार्रवाई की मांग की व पाकिस्तान पर भारत में आतंकी गतिविधियों को समर्थन देने का आरोप लगाया। इसके अलावा व्यापारियों में पाकिस्तान के खिलाफ इतना रोष था कि वह पीएम नरेंद्र मोदी से हमले के खिलाफ जल्द से जल्द पाकिस्तान से बदला लेने की अपील भी कर रहे थे। प्रदर्शनकारी व्यापारियों ने मांग की कि हमें पाकिस्तान को आतंकवाद का समर्थन करने वाला देश घोषित कर देना चाहिए। हमें विश्वास है कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत निर्दयी हत्याओं का बदला लेगा।



नारनौल। कैंडल जलाकर आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए। फोटो : हरिभूमि





### पहलगाम हमले पर ठोस कदम उठाए सरकार


*मंडी अटेली। कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता महेंद्र सिंह राता ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले पर केंद्र सरकार उठाए ठोस कदम उठाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि पहलगाम में हुआ आतंकी हमला न केवल एक कायराना कृत्य है, बल्कि यह भारत की एकता, अखंडता और शांति के खिलाफ एक सुनियोजित साजिश है। इस हमले में भारतीय नागरिकों की शहादत ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। वह उन सभी परिवारों के साथ खड़े हैं, जो आतंकवादियों द्वारा मारे गए और जो घायल हुए हैं, हम उनके जल्द से जल्द ठीक होने की कामना करते है।*

### भाजपा युवा मोर्चा ने निकाला कैंडल मार्च

***नारनौल।*** *भाजपा युवा मोर्चा ने जम्मू.कश्मीर के पहलगाम में भयावह आतंकवादी हमले में मारे गए पर्यटकों को कैंडल मार्च निकालकर श्रद्धांजलि अर्पित की व दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा। नगर पार्षद एवं भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश आईटी सहप्रमुख सिकन्दर कुमार ने कहा इस आतंकी हमले में 28 लोगों की धर्म पूछकर हिंदू होने पर बेरहमी से हत्या कर दी गई। इस घटना ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से आतंकियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की मांग की। इस कैंडल मार्च में युवा जिला उपाध्यक्ष राजेश सैनी, युवा मंडल महामंत्री विपुल यादव, युवा मंडल सचिव प्रवीण कुमार, भाजपा के पूर्व मंडल उपाध्यक्ष सतीश वाल्मीकि, ललित वाल्मीकि, केडी बीरबल, आकाश शर्मा, रॉकी सैनी, सुनील कुमार, हिमांशु कुमार, अशोक सैनी, नरेंद्र सैन, सुंदर यादव, कृष्ण हवलदार, सुभाष, अमन, जयसिंह, नीरज, दीपक आदि मौजूद रहे।*

### पहलगाम में मारे गए पर्यटकों की आत्मिक शांति के लिए कनीना में भी निकाला कैंडल मार्च

**कनीना।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के विरोध व मृतकों की आत्मिक शांति के लिए मंगलवार देर सायं कैंडल मार्च का आयोजन किया गया। इस कैंडल मार्च के माध्यम से नगर पालिका की चेयरपर्सन डा. रिपी कुमारी व नगर पार्षदों, प्रबुधजनों ने घटना पर रोष जताया और मृतकों के लिए दो मिनट का मौन रखा। डा. भीमराव अंबेडकर चौक से नेताजी सुभाष चंद्र बोस मैमोरियल क्लब तक निकाले गए कैंडल मार्च में पाक के खिलाफ नारेबाजी की। नपा की चेयरपर्सन डा. रिंपी कुमारी ने कहा कि धर्म पूछकर गोली मारना शर्मनाक है। पाकिस्तान से जुड़ी इस घटना ने मानवता को झकझोर दिया है। उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है। जहां पाकिस्तान की ओर से आतंक फैलाया जा रहा है। जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। टूरिस्ट्स के मारे जाने के बाद कश्मीर की जनता खुलकर आतंकवादियों के खिलाफ बोलने लगी है। ये पर्यटकों की हत्या नहीं, बल्कि कश्मीरी मेहमानवाजी का कत्ल है। कश्मीर की जनता के लिए पाकिस्तानी एजेंटों व आतंकवादियों को ठिकाने लगाने का सही समय है। इस मौके पर पार्षद रेखा कुमारी, उषा देवी, राजकुमार, नितेश गुप्ता, मुकेश नम्बरदार, हंसराज सोनी, भगवानदास, सुरेंद्र सिंह, योगेश आदि मौजूद रहे।



नारनौल। पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देते हुए।

## आतंकी हमले में मारे गए लोगों को हरियाणा स्कूल में दी श्रद्धांजलि

- आतंकियों ने पहलगांव में की थी 27 पर्यटकों की हत्या।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

नांगल चौधरी रोड स्थित हरियाणा पब्लिक स्कूल में कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए 27 पर्यटकों को श्रद्धांजलि दी गई। आतंकी हमले में मारे गए भारतीयों के लिए दो मिनट का मौन धारण करने के उपरांत विद्यालय के सभी अध्यापकों व विद्यार्थियों ने उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। विद्यालय डीन मनोज भारद्वाज व प्राचार्य सुनील यादव ने विद्यार्थियों को बताया कि कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है, लेकिन ये हमारे देश का दुर्भाग्य है कि देश का यह शानदार हिस्सा आज तक आतंकवाद के चंगुल से बाहर नहीं निकल पाया है। उन्होंने कहा कि अपने ही देश में घूमने गए सैलानियों के साथ जिस बर्बरता से यह नरसंहार किया गया, उसके लिए जिम्मेदार आतंकियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जानी चाहिए। विद्यालय एमडी डा. हितेश वर्मा व निधि वर्मा ने आतंकी हमले में मारे गए पर्यटकों को नमन करते हुए कहा कि भारत एक शांतिप्रिय देश है। जहां हर समुदाय व धर्म के लोगों को समान संवैधानिक अधिकार दिए गए हैं। इसके बावजूद देश की सुरक्षा विरोधी आतंकवादी ताकतें धर्म के नाम पर इस प्रकार के नरसंहार को अंजाम दे रही हैं।

### मजदूरों ने बंद रखा कार्य

**कनीना।** ईधर पहलगाम में हुए हमले को लेकर वीरवार को कनीना मंडी में कार्यरत सभी मजदूरों ने एक दिन काम बंद कर विरोध जताया। मनीष गुप्ता ने बताया कि इस समय मंडी में सरसों व गेहूं की आवक जोरों पर है। फसल खरीद कार्य में हजारों मजदूर जुटे हुए हैं। आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष व्यक्तियों की आत्मिक शांति के लिए उन्होंने एक दिन काम बंद रखा।

# पहलगाम की आतंकी घटना पर फूटा लोगों का गुस्सा, पाकिस्तान को सबक सिखाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद देशभर का गुस्सा जिले के लोगों में भी देखने को मिला। हिंदुओं पर किए गए नरसंहार के विरोध में विभिन्न संगठनों ने रोष प्रदर्शन कर गृहमंत्री के नाम डीसी डॉ. विवेक भारती को ज्ञापन सौंपा है। इस दौरान उन्होंने महेंद्रगढ़ क्षेत्र में रह रहे रोहिंग्यों की जांच करवाने की मांग की है। आतंकवाद के खिलाफ आक्रोश जताते हुए सचिवालय में प्रदर्शन किया। नाराज लोगों ने पाकिस्तान के खिलाफ नारेबाजी कर सरकार से आतंकवाद पर नकेल कसने की मांग की। वीरवार को लघु सचिवालय में ब्राह्मण सभा, विश्व हिंदू परिषद, श्री बाबा भगवान दास जन जागरण वेलफेयर फाउंडेशन, भारत विकास परिषद, व्यापार मंडल, श्री गोशाला आश्रम धोलपोश, श्री गोपाल गोशाला, मोदाश्रम धाम समिति, रामलीला परिषद, आदर्श रामलीला कमेटी, मास्टर जयनारायण सांस्कृतिक मंच एयरवेज एसोसिएशन सहित शहर के लोगों ने आतंकवाद के खिलाफ आक्रोष जताया। कैलाश पाली ने कहा कि कि जिस तरह घाटी में धर्म पूछ-पूछ कर लोगों को मारा गया है। यह निंदनीय है। उन्होंने कहा कि घटना दर्शाती है कि इस्लामिक आतंकवाद देश में किस हद तक पनप चुका है।



महेंद्रगढ़। पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देते हकेंवि विद्यार्थी।

### आतंकी हमले में मारे गए लोगों को दी श्रद्धांजलि

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में गुरुवार को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले में मारे गए पर्यटकों की आत्मा की शांति के लिए शोकसभा का आयोजन किया गया। छात्र कल्याण अधिष्ठाता कार्यालय की शोक सभा में मौन रखकर दिवंगतों को श्रद्धांजलि दी गई। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने संदेश के माध्यम से हमले में मारे गए लोगों के परिवारजनों के प्रति संवेदनाएं प्रकट की। श्रद्धांजलि सभा में विश्वविद्यालय के समकुलपति प्रो. पवन कुमार शर्मा, कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार, विश्वविद्यालय की प्रथम महिला प्रो. सुनीता श्रीवास्तव, परीक्षा नियत्रंक प्रो. राजीव कौशिक, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. आनंद शर्मा सहित विद्यार्थी, शोधार्थी, शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## धर्म पूछकर पर्यटकों की हत्या मानवता पर कलंकः वशिष्ठ

सरकार से कड़ी कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

अधिवक्ता परिषद की जिला इकाई ने कश्मीर के पहलगाम में हिन्दू पर्यटकों की आतंकवादियों की ओर से की गई निर्मम हत्या के विरोध में ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन उपायुक्त के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम प्रेषित किया गया। अधिवक्ता परिषद के जिला अध्यक्ष मनीष वशिष्ठ ने बताया कि कश्मीर में आतंकवादियों ने धर्म पूछ कर 27 हिन्दू पर्यटकों की निर्मम हत्या कर दी। जिसका अधिवक्ता परिषद कठोरता से विरोध करती है। जहां लोगों का धर्म पूछ कर एक धर्म विशेष के पर्यटकों को निशाना बनाया गया है। इससे यह हमला मात्र आतंकी हमला नहीं है, अपितु मानवता की हत्या है। यह घटना क्रूरता की सभी हदों को पार करने वाली घटना है। परिषद इसकी कठोर शब्दों में निन्दा कर हमले में शहीद पर्यटकों को श्रद्धासुमन अर्पित करती है। जिला महासचिव महेश दीक्षित ने बताया कि ज्ञापन में सरकार से इस्लामिक आतंकवादियों के खिलाफ व उनकी सहायता करने वाले देश के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की, ताकि इस तरह की घटनाओं की पुनरावृति को रोका जा सके। इस मौके पर पूर्व सचिव अनिल शर्मा बवानिया, अधिवक्ता चैम्बर सोसायटी के उपाध्यक्ष विजय सैनी, दिवाकर शर्मा, अनिल भारद्वाज, गिरीबाला यादव, ललित शर्मा, शिवकुमार संघी, मांगेराम सैनी, रेखा कुमारी, विजय यादव, नीरज बडेसरा, हितेश यादव, जतिन लुनाईच, अजय शर्मा, मुकेश रावल, महेश सोनी, महेश सैनी, हर्षद शर्मा इत्यादि मौजूद रहे।



नारनौल। मौन धारण करते अधिवक्ता। फोटो : हरिभूमि




## विधायक ने मंडलाना में किया योग और व्यायामशाला का शिलान्यास

**नारनौल।** राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के उपलक्ष्य पर वीरवार को विधायक एवं पूर्व मंत्री ओमप्रकाश यादव ने गांव मंडलाना में योग एवं व्यायामशाला का शिलान्यास किया। विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में चल रही हरियाणा सरकार लोगों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए विभिन्न स्थानों पर योग एवं व्यायामशाला खोली जा रही हैं। इस योग एवं व्यायामशाला से लोगों को योग और व्यायामशाला के माध्यम से शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य में सुधार करने के अवसर प्रदान करना है। योग एवं व्यायामशाला का उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है। नियमित अभ्यास से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में सुधार होता है। जिससे लोगों को अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने में मदद मिलती है। इस मौके पर उनके साथ जसवंत सिंह प्रभाकर, पंचायत समिति वाइस चेयरमैन प्रवीण यादव, सरपंच ममता, भूषण मंडल अध्यक्ष बलजीत यादव, हुडिना मंडल अध्यक्ष मनोज यादव, ओपी सोनी, राजू, सतबीर के अलावा पंचायती राज के अधिकारीगण व ग्रामीण मौजूद रहे।

कार्यक्रम | दोस्तपुर में शहीद की बुजुर्ग वीरांगना पर हमला होना निंदनीय

# *आपराधिक वारदातों को राजनीतिक संरक्षण सामाजिक एकता के लिए आज सबसे बड़ा खतरा : मंजू चौधरी*

- आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई के लिए डीजीपी व सीएम को पत्र लिखने का लिया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭ नांगल चौधरी

विधायक मंजू चौधरी ने दोस्तपुर गांव में शहीद की बुजुर्ग वीरांगना पर हुए हमले पर चिंता जताई है। कहा कि इस वारदात से सैनिकों के परिवार में असुरक्षा की भावना बढ़ेगी और शहीदों के सम्मान को ठेस पहुंची है। वारदात को 13 दिन बीत चुके हैं, अभी तक पुलिस सभी आरोपितों को पकड़ नहीं पाई है। पीड़ति परिवार अपने ही घर आने से डर रहा है। ऐसे में पुलिस प्रशासन को सकारात्मक कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व डीजीपी को पत्र लिखकर हलके में बढ़ रही अपराधिक वारदातों से अवगत कराने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि शहीदों का जाति या धर्म नहीं होता। उन्होंने संपूर्ण राष्ट्र की सुरक्षा करते हुए प्राणों का बलिदान दिया है। इसलिए समाज और सरकार का नैतिक दायित्व बनता है कि शहीद के परिवार की निष्ठा पूर्वक हिफाजत करे।



नांगल चौधरी। विधायक मंजू चौधरी।

### दो गिरफ्तार, बाकी की तलाश जारी

थाना प्रभारी छत्रपाल चौधरी ने बताया कि दोस्तपुर में वीरांगना पर हमले के दो पकड़े गए हैं। एक अरोपित को पहले गिरफ्तार कर लिया था। सीसीटीवी कैमरे के मुताबिक दो युवक अभी भी फरार हैं। इसके अलावा अन्य युवकों के संलिप्त होने की पुष्टि हुई, तो उन्हें भी गिरफ्तार किया जाएगा। बीती रात गिरफ्तार आरोपितों को कोर्ट में पेश कर दिया। जहां उन्हें न्यायिक हिरासत में भेजने के आदेश हुए हैं।

### घर में घुसकर हमला

दोस्तपुर गांव में 12 अप्रैल को पांस से सात युवकों ने घर में घुसकर शहीद की बुजुर्ग वीरांगना पर हमला कर दिया। सीसीटीवी फुटेज के अनुसार आरोपितों ने लाठी और डंडों से महिला को बेरहमी से पीटा है। पीड़िता के सैनिक पुत्र ने पुलिस में नामजद आरोपित समेत थाना में शिकायत दर्ज करवा दी। इसके बावजूद पुलिस ने अभी तक मात्र तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है, जो आरोपित खुले में घूम रहे हैं, उनसे शहीद का परिवार डरा हुआ है। विधायक ने कहा कि अपराध को राजनीतिक संरक्षण देना ही सामाजिक एकता के लिए बड़ा खतरा है। समाधान के लिए मुख्यमंत्री व पुलिस प्रशासन को हलके की अपराधिक वारदातों से अवगत कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि दोस्तपुर गांव की घटना को लेकर पुलिस अधीक्षक से बात हुई है तथा उन्हें सख्त कार्रवाई करने की हिदायत दी है।

## अधिकारी समस्याओं का तत्काल करें समाधान

**महेंद्रगढ़।** डीसी डॉ. विवेक भारती ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार आयोजित हो रहे समाधान शिविर आम नागरिकों और प्रशासन के बीच एक सेतु का काम कर रहे हैं, जो लोगों की समस्याओं को त्वरित और प्रभावी ढंग से हल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसलिए सभी विभागों के अधिकारी नागरिकों की समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान करें। डीसी ने कहा कि अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि विभाग के तहत आम लोगों को मिलने वाली योजनाओं का नियमानुसार लाभ समय पर मिले, ताकि उन्हें सरकारी कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उपायुक्त ने कहा कि समाधान शिविर का सबसे बड़ा लाभ यह है कि इस व्यवस्था से शिकायतों का निपटारा समयबद्ध तरीके से किया जाता है।